उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

**सूचना / विज्ञप्ति**

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) के पदों पर सीधी भर्ती–2022 का अन्तिम चयन परिणाम

संख्याः पीआरपीबी–एक–3(34) / 2020 दिनांकः जून 27 ,2025

उ0प्र0 पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) के पदों पर सीधी भर्ती–2022 के सम्बन्ध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा सूचना / विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–3(34) / 2020 दिनांक 06–01–2022 प्रकाशित करते हुये प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) के 936 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– इस भर्ती की विज्ञप्ति दिनांकित 06–01–2022 के अनुक्रम में कुल 76,516 ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुये। भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत प्रदेश के 11 जनपदों में ऑनलाइन लिखित परीक्षा दिनांक 30–01–2024 एवं 31–01–2024 को कुल 03 पालियों में आयोजित की गयी।

3– उ0प्र0 पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) के पदों पर सीधी भर्ती–2022 की ऑनलाइन लिखित परीक्षा 03 पालियों में आयोजित किये जाने के कारण संगत सेवा नियमावली के प्रावधानों व विज्ञप्ति दिनांकित 06–01–2022 में उल्लिखित प्रक्रिया के क्रम में प्राप्तांकों का प्रसामान्यीकरण (Normalization) करते हुये सूचना / विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–बी–(रेडियो संवर्ग)–04 / 2025 दिनांक 08–03–2025 द्वारा श्रेणीवार विज्ञापित पदों के सापेक्ष लगभग 10 गुना (कुल 9,807) अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु दिनांक 24–03–2025 से 30–03–2025 तक आहूत करते हुये अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

4– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की बोर्ड की सूचना / विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–बी–(रेडियो संवर्ग)–06 / 2025 दिनांक 11–05–2025 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अर्हकारी प्रकृति की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 20–05–2025 से 28–05–2025 तक सम्पन्न करायी गयी।

5– उक्त ऑनलाइन लिखित परीक्षा, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा में प्राप्त प्रसामान्यीकृत अंकों (Normalised Score) के श्रेष्ठताक्रम के आधार पर उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के अनुसार विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है। उ0प्र0 पुलिस रेडियो अधीनस्थ सेवा नियमावली, 2015 (यथासंशोधित) के नियम–15(ड़) के अनुसार **बोर्ड द्वारा कोई प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गयी है।**

6– उ0प्र0 पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक / प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) के 936 पदों के सापेक्ष अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कटऑफ मार्क्स निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | श्रेणी | लम्बवत् आरक्षण की कटऑफ | क्षैतिज आरक्षण की कटऑफ | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित श्रेणी की कटऑफ | भूतपूर्व सैनिक की कटऑफ | महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों की कटऑफ |
| 1 | अनारक्षित | 328.16751 | 242.69954 | – | 304.87272 |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 317.05270 | – | – | 289.13254 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 319.53008 | – | – | 296.33112 |
| 4 | अनुसूचित जाति | 299.92947 | – | – | 277.29555 |
| 5 | अनुसूचित जनजाति | 276.30554 | – | – | 247.79711 |

7— इस चयन परिणाम में कुल 936 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है जिसमे अन्य पिछड़ा वर्ग के 252 आरक्षित पदों के सापेक्ष कुल 482 अभ्यर्थी हैं, अनुसूचित जाति के 195 आरक्षित पदों के सापेक्ष कुल 211 अभ्यथी एवं अनुसूचित जनजाति के 18 आरक्षित पदों के सापेक्ष कुल 18 अभ्यर्थी चयनित हुये हैं। इस परीक्षा में 186 महिला अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की।

8— उपरोक्त चयन परिणाम निम्नांकित सूचियों के अनुसार बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है:—

**सूची:—**

सूची—1 **रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) के पदों पर कुल चयनित 936 अभ्यर्थियों की सूची (रजिस्ट्रेशन संख्या के बढ़ते हुये क्रम में)**

सूची—2 **अनारक्षित श्रेणी के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—3 **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—4 **अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—5 **अनुसूचित जाति के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

सूची—6 **अनुसूचित जनजाति के अर्न्तगत समस्त (Overall) चयनित अभ्यर्थियों की सूची (प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के क्रम में)**

9— उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग अधीनस्थ सेवा नियमावली, 2015 (समय—समय पर यथा—संशोधित) में दी गयी व्यवस्था के अनुसार दो या अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उनकी श्रेष्ठता का विनिश्चिय टाई ब्रेक के नियमों के अर्न्तगत अधिमानी अर्हता, अधिक आयु व नाम के प्रथम (अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार) अक्षर के क्रम में किया गया है।

10— शुचिता की दृष्टि से बोर्ड द्वारा आई0आई0टी0, कानपुर से ऑनलाइन लिखित परीक्षा के DATA का विस्तृत तकनीकी परीक्षण करवाया गया। प्राप्त परीक्षण आख्या का बोर्ड द्वारा परिशीलन किया गया। CRL एवं अन्य उपलब्ध डाटा के आधार पर सम्बन्धित अभ्यर्थियों को स्पष्टीकरण का अवसर प्रदान करते हुये बोर्ड द्वारा साक्ष्य के आधार पर उचित कार्यवाही की गयी।

11— यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अभ्यर्थीगण अपना रिजल्ट, रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्मतिथि अंकित (Submit) कर देख सकते हैं।

12— यह चयन परिणाम नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा कराये जाने वाले अभ्यर्थी के चिकित्सीय परीक्षण और शैक्षिक योग्यता, आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण—पत्रों व चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन होगा।

13— चयन परिणाम के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूच्य है कि यद्यपि इसे तैयार करने एवं वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

14— यह सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रहीं है, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अर्न्तगत पृथक से कोई प्रार्थना—पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

**<u>संलग्नक—सूची।</u>**

**अपर सचिव, भर्ती**
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।